शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा

जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रोजगार मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास समिति

वार्षिक प्रतिवेदन

(सत्र 2019–20)

महाविद्यालय की छात्राओं का रोजगार मार्गदर्शन करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के सम्बन्ध में सत्र 2019–20 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसका दिनांक एवं कार्यकम वार विवरण निम्नानुसार है–

1. प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं (नेट/स्लेट/सेट) की तैयारी करवाने हेतु श्री सुरेन्द्र कुमार साहू, ग्रन्थपाल तथा डॉ. विवेक शर्मा, सहा. प्राध्यापक (वाणिज्य) को आदेशित किया गया था जिसकी अनुपालना में उक्त दोनों अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय के ग्रन्थालय में नेट/स्लेट/सेट परीक्षा की तैयारी करवाई गई जिसमें महाविद्यालय की स्नात्कोत्तर स्तर पर अध्ययन कर रही 28 छात्राओं के साथ–साथ महाविद्यालय के प्रयोगशाला तकनीशियन श्री सनमत कुमार मौर्य ने भी भाग लिया।

   सत्र 2019–20 के दौरान छत्तीसगढ राज्य के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में सहा. प्राध्यापक पद के लिये अर्हता हेतु छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 08/09/2019 को राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में सेट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राएं एवं प्रयोगशाला तकनीशियन श्री सनमत कुमार मौर्य सम्मिलित हुए तथा उक्त परीक्षा में श्री सनमत कुमार मौर्य एवं सुश्री केसरी ने सफलता प्राप्त की।

2. दिनांक 13/12/2019 को शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में रोजगार मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिला रोजगार अधिकारी श्री पीकेश्वर कुमार, दन्तेवाडा जिला प्रशासन से डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रीति दुर्गम, जिला श्रम अधिकारी श्री सुदेश गौटी, जीवन बीमा निगम से विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार, जिला रोजगार कार्यालय से श्री आर. सी. चौहान, महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी एवं 110 छात्राऐं उपस्थित रहीं।

   कार्यशाला में उच्च माध्यमिक, स्नातक पश्चात अध्यापन क्षेत्र, नर्सिंग क्षेत्र, एवं संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर प्राध्यापक बनने हेतु आवश्यक योग्यताओं सहित साथ–साथ सम्पूर्ण चयन प्रकिया तथा बीमा के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों आदि के बारे में अवगत कराया गया।

3. माह जनवरी–2020 में महाविद्यालय की रोजगार मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को अध्ययन पश्चात उपलब्ध रोजगार अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से छात्राओं में झिझक दूर करने एवं विभिन्न साक्षात्कार में पूछे जाने वाले सवालों का सटीक जवाब देने की योग्यता का विकास करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से संवाद किया जाने का निर्णय लिया गया।

4. उक्त बैठक में लिये गये निर्णयानुसार दिनांक 13/02/2020 रोजगार मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 80 छात्राऐं उपस्थित रहीं। कार्यशाला में लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की विज्ञप्ति जारी होने से लेकर साक्षात्कार तक की समस्त प्रकिया के साथ–साथ स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया गया।

(डॉ. आर. के. हिरकने)
प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls
College Dantewada (South Bastar) C.G